<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी पर सेमिनार</u>

पन्तनगर। 2 सितम्बर 2024। विश्वविद्यालय में परामर्श एवं सेवायोजन निदेशालय ने E-Cell के सहयोग व NEXT IAS के सौजन्य से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी पर सेमिनार कराया गया, जिससे लगभग 100 विद्यार्थी लाभन्वित हुये। इस सेमिनार में सिविल सेवा की उपयोगिता, कार्यक्षेत्र से सम्बन्धित जानकारी दी गई। सिविल सेवा हेतु परीक्षा की तैयारी कैसे करें विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर NEXT IAS की फैकल्टी व श्री शुभम अग्रवाल IPS द्वारा विद्यार्थियों के सिविल सेवा सम्बन्धी जिज्ञासाओं का उत्तर दिया गया। इस अवसर पर परामर्श एवं सेवायोजन निदेशालय के निदेशक डा. एम.एस. नेगी ने अगन्तुकों का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को इन सेवाओं के लिए प्रेरित करते हुये शुभकामनायें दी। अन्त में सह निदेशक डा. गीता पाठक द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।

1. सेमिनार में विद्यार्थियों को जानकारी देते अधिकारी।

निदेशक संचार